**साइप्रस के राष्ट्रपति श्री निकोस अनासतासियादेस**
**द्वारा आयोजित राजभोज में**
**निकोसिया भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविन्द**
**द्वारा संबोधन**

**निकोसिया, 3 सितंबर, 2018**

1. आपके भावपूर्ण स्वागत के लिए तथा मेरे और मेरे शिष्ट मंडल के हार्दिक आतिथेय के लिए राष्ट्रपति महोदय मैं आपका धन्यवाद करता हूं l

2. साइप्रस और भारत खास दोस्त हैं। हमने आज़ादी के हमारे संघर्ष में एक-दूसरे का समर्थन किया है। और उसके बाद, हमारे महान नेताओं आर्चबिशप मकारिओस और महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर शांति और समृद्धि के लिए एक-दूसरे का समर्थन जारी रखा है।

3. दो प्राचीन सभ्यताओं के रूप में, हमें एक दूसरे की संस्कृति और विचार-धारा की गहरी समझ है। हमारे देश विचारों, संस्कृतियों और लोगों के लिए हमेशा खुले और ग्रहणशील रहे हैं l हमारे साझा ऐतिहासिक अनुभव और संवेदनशीलता ने हमें मित्रों और साझेदारों के रूप में निकटतर लाने का काम किया है।

4. हमारे संबंध गहरे आपसी विश्वास पर आधारित हैं। हम दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक-दूसरे के दृढ़ समर्थक रहे हैं। साइप्रस और इसकी क्षेत्रीय अखंडता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता गहरी और स्थायी है।

5. महामहिम, आज हमारे बीच द्विपक्षीय एजेंडा विविध और विस्तारशील है। दोनों देशों में लोगों के आपसी संपर्क से पुष्ट निवेश और वाणिज्यिक सहयोग से, मजबूत और प्रगतिशील आर्थिक संबंध मौजूद हैं।

6. महामहिम, हमारे देश एक चुनौतीपूर्ण सुरक्षा माहौल में काम कर रहे हैं। हमें शांति और सुरक्षा की अपनी-अपनी खोज में एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। भारत आतंकवादी कृत्यों की साइप्रस द्वारा की जाने वाली कड़ी निंदा की सराहना करता है और इस बुराई को परास्त एवं निर्मूल करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की इच्छा रखता है।

7. राष्ट्रपति महोदय, मुझे ज्ञात है कि चालीस वर्ष से अधिक समय से आपके देश और अपनी जनता को बांटे रखने वाली दर्दनाक परंपरा के न्यायोचित और व्यवहार्य समाधान के लिए आप प्रतिबद्ध हैं। मुझे विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में, एक स्थाई समाधान खोज लिया जायेगा।

8. राष्ट्रपति महोदय, हमारी दोस्ती वास्तव में अद्वितीय और विशेष है। मुझे हर सुबह इसकी याद तब आती है जब मैं शानदार साइप्रस वृक्षों वाले अपने उद्यान में टहलता हूं। मेरी कामना है कि यह दोस्ती हमेशा समृद्ध होती रहे!

9. इसी सकारात्मक भावना के साथ देवियो और सज्जनो, आइए, हम सब मिलकर

- साइप्रस के राष्ट्रपति और प्रथम महिला के स्वास्थ्य और सेहत की;
- साइप्रस के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि की; तथा
- भारत और साइप्रस के बीच सदाबहार दोस्ती की कामना करें।

धन्यवाद!